स्पीड न्यूज

# सांसद खेल महोत्सव : पहले दिन बार बालाओं ने लगाये ठुमके




**थाना प्रभारी भी थे मौजूद**

बताए चले की इस दौरान स्थानीय थाना प्रभारी भी मौजूद थे, जबकि खेल महोत्सव के दौरान कई मोटरसाइकिल चोरी की घटना हो चुकी थी। बार बालाओं के सवाल पर भाजपा नेता कुछ भी बोलने को तैयार नही है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** राजनितिक गलियारों में धनबाद जिले में चल रहे सांसद खेल महोत्सव का चर्चा इनदिनों काफी जोर शोर से हो रही है। चर्चा खेल महोत्सव के दौरान खेले गए खेल से ज्यादा बार बालाओं द्वारा परोसी गई अश्लीलता के कारण हो रही है. खेल के बाद कार्यकर्ताओ के मनोरंजन को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बलिया के भोजपुरी गायक स्वामी नाथ व धनबाद के शिव शंकर व्यास द्वारा कार्यक्रम किया गया था, जिसमें आधा दर्जन बाल बालाए (नर्तकी) शामिल हुई। झरिया के जियलगोरा स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के पहले दिन शाम ढलते चैता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था तथा बार बालाओं द्वारा अश्लीलता परोसा गया । हद तो तब हुई जब धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह की मौजूदगी में रात भर बार बालाए नचाती रही और कार्यकर्त्ता इसका खूब लुप्त उठाया. इसी खेल महोत्सव का शुभारम्भ भारत सरकार के केन्द्रीय सस्कृति सह संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पहुंचकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । खेल महोत्सव में पहुंचे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और शाम ढलते ही कार्यकताओं सहित पार्टी नेताओं के मनोरंजन के लिए बार बालाओ द्वारा अश्लीलता परोसा दिया गया। प्रदेश कांग्रेस समिति सचिव शमशेर आलम ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के नाम पर भाजपा नेताओं ने बार बालाओं से अश्लील नाच का आयोजन कर लोगो के समक्ष क्या सन्देश देना चाहती है, यह भाजपा के लोग ही अच्छे से बता पायेगे. जिस प्रकार खेल के नाम पर लोगो के सामने अश्लीलता परोसी गई है, वो निंदनीय है. खेल के नाम पर भाजपा का स्तर इतना गिर सकता है, कभी सोचा नहीं था. इस से यह साबित होता है की भाजपा अपनी नाकामी छिपाने का कार्य कर रही है. नारी सम्मान की बात कहने वाली भाजपा का यही नारी सम्मान है. भाजपा महंगाई, बेरोजगारी, पेट्रोल, गैस के बढ़ते दामो पर बात नहीं करना चाहती. धनबाद सांसद के रहते हवाई अड्डा, एम्स, फ्लाईओवर, ट्रेन धनबाद से छीन ली गई, जिसके बारे में बात तक नहीं करते. भाजपा की मंशा साफ है की इस तरह के कार्यक्रम कर देश की जनता को धोखा देते रहे. यही भाजपा का असली चेहरा है, जो सबके सामने आ चुकी है. अब जनता इनके बहकावे में आने वाला नहीं है 2024 में जवाब देगी।

**यह तो झांकी है, भाजपा का असली चेहरा बाकी है : रत्नेश**

झरिया कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश यादव ने कहा कि यह तो एक झांकी है, भाजपा का असली चेहरा दिखना अभी बाकी है। एक तरफ युवाओं का हाथों से केन्द्र सरकार रोजगार छीना। वहीं खेल को बढावा देने के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में नारी शक्ति का बात करने वाले भाजपा नेताओं के सामने महिलाएं ( नर्तकी) ठुमका लगाते रही। क्या खेल महोत्सव के साथ यह भी नेताओं को निर्देश आया था?

# झरिया के खाटू धाम से निकली भव्य कलश यात्रा

**जय श्री श्याम के जय घोष से गूंजा झरिया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** कोयला नगरी के नाम से विख्यात झरिया शहर को ऐसे ही नही भगवान श्री श्याम के भक्तों द्वारा झरिया धाम से पुकारते है। लाल बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर की बात ही निराली है। इस मंदिर से भक्तों की आस्था देखते बनती है। यही कारण है हर माह बाबा श्याम के भक्तों द्वारा कोई ना कोई कार्यक्रम का आयोजन होते ही रहता है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा 365 दिन की 365 दिन पूरे होने के अवसर पर रविवार 19 मार्च से भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। 121 महिलाओं ने राजमाता चौक स्थित श्री रानी सती मंदिर से कलश मे जल भरकर लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण मे स्थापित किया। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा 365 दिन के अध्यक्ष अमित चोखानी ने बताया कि प्रभु श्री श्याम जी को लगातार एक वर्षो से हमारी संस्था प्रतिदिन निशान अर्पण करते आ रही है एक वर्ष पूर्ण होने से हम सभी श्याम भक्त काफी हर्षोउल्लास के साथ यह कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। यह कार्यक्रम 29 मार्च तक चलेगा। कलश स्थापित करने के बाद वृंदावन से कथावाचक आचार्य राजेन्द्र प्रसाद जी द्वारा श्याम भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे । श्रीमद् भागवत कथा 25 मार्च तक चलेगा जिसके बाद 26 मार्च को सामूहिक यज्ञ एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 27 मार्च को बाबा की कृपा से 5100 निशान अर्पण करने का लक्ष्य रखा गया है। संध्या में नानी बाई का मायरा व नित्य नाटिका द्वारा भक्तों को मनमोहक किया जाएगा।

## लायंस क्लब ने कतरी नदी श्मशान घाट की करायी सफाई



**कतरास।** लायंस क्लब ऑफ कतरास के तरफ से कतरी नदी श्मशान घाट की सफाई कराया गया. मौके पर मुख्य रूप से लायंस क्लब के डॉ मधुबाला, सौरभ सिंह, विवेक सिंह, कतरी नदी बचाओ अभियान समिति के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी,उमेश विश्वकर्मा, दिलीप सिंह,अर्जुन महतो, टिंकू महतो आदि थे।

## सड़क हादसे में मदद करने वाले सम्मानित



**बोकारो।** डीटीओ संजीव कुमार की अध्यक्षता में संपन्न सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में पिछले माह सड़क दुर्घटना में लोगों की मदद करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने उत्पाद विभाग की टीम को सड़क किनारे स्थित होटल एवं ढाबे में औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में बेरमो विधायक प्रतिनिधि विनोद महतोए डीपीआरओ राहुल कुमार भारतीए नजारत उपसमाहर्ता विवेक सुमन सहित सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जनाजा घर का सौंदर्यीकरण शुरू

**झरिया ।** होरिलाडीह सुन्नी वक्फ बोर्ड की बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदर मुजीब अंसारी ने की बैठक के बाद कब्रिस्तान की जर्जर जनाजागाह को शहीद किया गया। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अन्सारी ने बताया कि उसके जगह बड़ी क्षमता वाला भव्य जनाजागाह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की अनुशंसा पर बनाया जाएगा । उन्होंने कहा कि विधायक ने बहुत जल्द जनाजागाह बनाने का भरोसा दिलाया है जो आज शुभारंभ किया गया। मौके पर सरफराज आलम, शेख सुल्तान, हलीम अंसारी, साहिर खान, फैज अहमद, शेख सफी, मोहम्मद शाहबाज सईद अंसारी, शाहनवाज खान, मुबारक आलम, फरीद फरीदी, मकसूद आलम, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद लारा शकील अंसारी आदि मौजूद थे।

## कार के धक्के से पिता पुत्र घायल, सड़क जाम

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड अंर्तगत भलमारा पंचायत के डेलियाआम में रविवार को दोपहर में सारुबेड़ा से पलामू की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो के पिता . पुत्र धक्कामार कर कार फरार हो गया ।घायल अशोक टुडू 22 वर्ष, उमेश बेसरा 1 वर्ष पिता सुखलाल बेसरा डेलिया आम का रहने वाले हैं। घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नावाडीह में कराया गया। घायल ने बताया कि बच्चे को गोद में लेकर घर की ओर जा रहा था उसी बीच विपरीत दिशा से आ रही कार ने धक्का मारा दिया।

## झरिया नगर कांग्रेस नेता राजा वर्मा का निधन, शोक



**झरिया।** नगर कांग्रेस कमिटी के वार्ड नं 44 के अध्यक्ष राजा वर्मा की अचानक पटना में ट्रैनिग के दरम्यान ब्रेन हैमरेज 16 मार्च 23को हो गया। आनन फानन में उनके सहयोगियों ने पटना के रूबन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां रात में डाक्टर ने सर्जरी किया। परंतु राजा वर्मा ने दिनांक 18/03/23 को अंतिम सांस ली। वो अपने पीछे दो बच्चे और मां दो भाई पत्नी को छोड़ गये हैं।

# रामनवमी जुलूस की सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी

**●रामनवनी को लेकर डीसी एसपी ने की संयुक्त बैठक**

**जुलूस मार्ग को क्लीयर रखने का निर्देश**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रामनवमी को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार झा ने संयुक्त रूप से जिला के अधिकारियों पुलिस पदाधिकारियों बीडीओ सीओ तथा सभी थाना प्रभारी के साथ न्याय सदन के सभागार में बैठक की। बैठक में पूर्व में संपन्न त्योहारों पर हुई छिटपुट घटनाओं पर प्रकाश डाला गया। जानकारी के अनुसार चास अनुमंडल अंतर्गत कुल 78 अखाड़ों द्वारा जुलूस निकाला जायेगा जिसमें 36 लाइसेंसी तथा 42 गैर लाइसेंसी है वहीं बेरमो अनुमंडल अंतर्गत 236 अखाड़ों द्वारा जुलूस निकाला जायेगा। सभी जुलुस का सीसीटीवी एवं ड्रोन से निगरानी व वीडियोग्राफी भी किया जायेगा। सभी अखाड़ों द्वारा निकाला जा रहा जुलूस निर्धारित रूट से ही निकलेगा। जुलूस का मार्ग नहीं बदलेगा। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रहेगी। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले या असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जायेगा। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक कर आगामी 25 मार्च को निर्धारित शांति समिति की बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में समाजसेवियोंए बुद्धिजीवियोंए धर्मावलम्बियों को भी बुलाकर लें आवश्यक दिशा निर्देश देने की सलाह दी गई। आपदा प्रबंधन के तहत एनडीआरएफ की टीम की तैनातीए कंट्रोल रूम के समीप एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की उपस्थिति रहेगी। एसपी श्री झा ने कहा की जुलुस का मार्ग क्लियर रखें। मॉक ड्रील भी किया जायेगा। कोई भी भड़काऊ गाने नही बजाए जाएंगे। जुलुस के अंदर दो पहिया वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी। बैठक में सभी जिला एवं पुलिस पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।

## नीरज सिंह की 6वीं पुण्यतिथि आज

**झरिया।** धनबाद नगर निगम का पहला उपमहापौर, मजदूर नेता स्व. नीरज सिंह का 6 वीं पुण्य तिथि जमसं व नीरज सिंह स्मृति मंच द्वारा जगह जगह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू मैदान में शहादत दिवस के पूर्व 20 मार्च को 24 घंटे का अखंड हरिनाम कीर्तन का आयोजन किया गया है। जोकि 21 मार्च को समापन किया जायेगा। जिसके बाद श्रद्धांजलि कार्यक्रम व महाभोग कार्यक्रम किया जायेगा। इसके अलावे जमसं व स्व. नीरज सिंह स्मृति मंच द्वारा अलग अलग स्थान पर स्व. नीरज सिंह सहित तीन शहीद साथियों को समर्थकों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा।

**एक नजर में**

## डीपीएस चास में प्रशिक्षण कार्यशाला



**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में अयोजित स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम विषयक प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभायी। कार्यशाला की रिसोर्स परसन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्यए पारस्परिक संबंधए मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता आदि विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारियाँ प्रदान कीं। प्रशिक्षण के दौरान महत्त्वपूर्ण विषयों पर गतिविधियाँ भी कराई गईं। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि स्वास्थ्य प्रशिक्षणए देखभाल प्रणाली के महत्त्वपूर्ण घटकों में से एक हैए जो स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रखने में मदद करता है।
अंत में बैलून के साथ संतुलन रखने की गतिविधि के साथ ही कार्यशाला के पहले दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ।

## चोरों ने ट्रांसफार्मर के पूर्जे खोले, पांच सौ उपभोक्ता प्रभावित

**बलियापुर ।** बलियापुर थाना क्षेत्र के बेलगड़िया टाउनशिप स्थित झरिया बिहार, फेज 2 कॉलोनी में लगे 315 केवी के विद्युत ट्रांसफार्मर से लाखों का किमती क्वायल एवं पार्ट पुर्जा चोरों ने चुरा लिया है। घटना गत शनिवार 18 मार्च की रात की बताई जा रही है। पूर्व उप मुखिया सीमा देवी, गुलाम समदानी समेत कॉलोनी के कई लोगों ने रविवार 19 मार्च को बलियापुर थाना पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत की है। वहीं विद्युत विभाग और जरेडा को भी इससे अवगत करा दिया है।

## अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में प्रेरणा समारोह

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल ने प्री .नर्सरीए नर्सरीए प्रेप और कक्षा एक के छात्रों के लिए आज सुबह अपने परिसर में एक उन्मुखीकरण समारोह का आयोजन किया। लगभग 350 छात्रों के माता .पिता ने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्यए खुशी और सफलता के लिए सेप्स टीम के साथ प्रार्थना की। छठी और सातवीं कक्षा के छात्रों ने एक सुंदर शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया और दर्शकों का स्वागत कियाए जबकि प्राथमिक विंग के छात्रों ने आओ स्कूल चलें की धुन पर नृत्य किया। प्रिंसिपल सुश्री शैलजा जयकुमार ने माता .पिता का अभिवादन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे बच्चों को समृद्ध भारतीय संस्कृति और विरासत से जोड़ने में मदद करें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राइमरी विंग फैकल्टी द्वारा एक दिलचस्प शिक्षाशास्त्र के साथ एक अभिनव और रचनात्मक पाठ्यक्रम की प्रस्तुति थी। सुश्री मोमा पाल और संगीता गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर अध्यक्ष पीण राजगोपालए उपाध्यक्ष ससीन्द्रन कराटए मोहनन आर नायरए महासचिव ईएस सुशीलन, कोषाध्यक्ष बाबूराज आरए बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार के एए बी शाजिनए स्कूल प्रबंध समिति के सदस्यों ने माता .पिता को बधाई दी और बच्चों को आशीर्वाद भी दिया।

## दुर्गा सोरेन सेना के अध्यक्ष ने बोकारो समिति का किया विस्तार



**धनबाद।** रविवार को बोकारो जिला मे दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल बाल्मीकि जी ने बोकारो मे संगठन का बिस्तार किए जिसमे बोकारो जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार पाण्डेय को मनोनीत किया गया । बोकारो जिला उपाध्यक्ष फारूक अंसारी को मनोनीत किया गया, और सपन घोष बोकारो जिला सचिव मनोनीत किया गया। साथ ही दर्जनों युवाओ ने दुर्गा सोरेन का दामन थामा और मुख्य रुपए से उपस्थित धनबाद जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा राहुल कुमार मिश्रा, महबूब अनवर, अरबिंद शर्मा, शिवम सिंह, लोग उपस्थित थे।

## सीटू कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की बैठक

**बेरमो/जारंगडीह।** सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना के विस्तारीकरण को लेकर जारंगडीह टाटा ब्लॉक कॉलोनी हटाने के मुद्दे को लेकर रविवार को जारंगडीह स्थित सीटू कार्यालय में वरीय श्रमिक नेता एस पी सिंह दिनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे लगभग सभी श्रमिक युनियन के नेता व प्रतिनिधियों के अलावे जारंगडीह उतरी पंचायत के प्रतिनिधियों के अलावे जारंगडीह बाजार समिति के लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने सर्व प्रथम सीसीएल जारंगडीह प्रबंधन के पक्ष को रखते हुए लोगो को अवगत करवाया की जारंगडीह प्रबंधन टाटा ब्लॉक कॉलोनी को विस्थापित कर तमाम जरुरी सुविधा मुहैया करवा कर कहा बसाना चाहती है साथ ही सीसीएल विस्थापित लोगो को पुनः बसने मे क्या सहयोग करने वाली है। घंटो चली इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पंचायत के पुर्व मुखिया मो इम्तियाज अंसारी तथा कुछ अन्य लोग जल्द ही टाटा ब्लॉक आंगनबाड़ी केंद्र में टाटा ब्लॉक वासियों की एक बैठक आयोजित करे जिसमे संयुक्त मोर्चा के लोग उपस्थित होकर टाटा ब्लॉक के लोगो को समझा बुझाकर विश्वास मे लेने का प्रयास करेगे और इसी बीच चयनित विस्थापित स्थल जारंगडीह मांझी टोला साइड का भी निरीक्षण करे।

# बजट से दूरगामी योजनाएं होंगी ताकतवर : पूर्णिमा सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** सदन में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के बजट पर झारखंड सरकार द्वारा अपने मूल कर्तव्य के दिशा में सर्वव्यापी और दूरगामी योजनाओं एवं प्रयासों पर विस्तृत वक्तव्य प्रस्तुत किया। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा के विषय में झारखंड सरकार की प्रतिबद्धता आँकड़ों के माध्यम से पेश करते हुए, केंद्र सरकार की इस विषय पर गंभीरता पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा किया। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू,पद्मश्री छूटनी महतो या फिर हमारी प्रतिभाशाली खिलाड़ियाँ, झारखंड की बेटियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने में इन सब का योगदान है। इस देश में हर कृत्य के लिए सिर्फ.सरकार ही ज़िम्मेदार नहीं है, पर इन प्रतिभाओं के विकास की ज़िम्मेदारी सरकार की है। इस दिशा में ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्टह्व का फामूर्ला सुझाव के रूप में रखा। इससे हम प्रत्येक ज़िले में एक ना एक खेल के लिए सर्वश्रेष्ठ सुविधाएँ उपलब्ध कराने की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

# अवैध खनन का विरोध करने पर आकाश किनारी बस्ती में मारपीट



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद पुलिस कप्तान की लाख कोशिशों के बावजूद भी जिले में कोयले का अवैध उत्खनन का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को सूरज अस्त होने के बाद बाघमारा अनुमंडल के कतरास थाना क्षेत्र स्थित आकाश किनारी बस्ती में अवैध उत्खनन का विरोध करने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर कतरास पुलिस अपने दल बल के साथ पहुंचे और स्थिति नियंत्रण में किया तथा घायलों को पुलिस वाहन में बैठाकर इलाज के लिए ले गए। इस घटना में चंदन कुमार यादव साधु यादव दिनेश यादव प्रिंस कुमार यादव घायल हुए हैं। एक महिला को भी चोट लगने की सूचना है। इस मारपीट की घटना में घायल हुए चंदन कुमार यादव ने बताया कि अवैध खनन से संबंधित सारा घटनाक्रम है। माफिया अवैध उत्खनन की घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रत्येक दिन अवैध उत्खनन का दायरा बस्ती की ओर बढ़ता जा रहा हैए गैंता पर गैंता चल रहा है। सैकड़ों मजदूर खदान के अंदर अवैध उत्खनन में लगे हुए हैं। कभी भी भू.धंसान की घटना घट सकती है और सारा बस्ती इसकी चपेट में आ सकता है। इसी का विरोध करने पर कोयला माफिया विनोद यादव विक्की यादव आनंद यादव एंव मनोज यादव के लोगो ने हमला कर दिया।

# आजसू ने की पेड़ कटायी रोकने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** आजसू ने लिखा वन प्रमंडल पदाधिकारी को पत्र तथा दोषी अधिकारीयों पर की कार्रवाई की मांग।आजसू के केंद्रीय सदस्य वीरेन्द्र निषाद ने धनबाद के वन प्रमंडल पदाधिकारी से लोदना क्षेत्र की जयरामपुर में प्रारंभ हुई आउटसोर्सिंग परियोजना के कारण हरे भरे पेड़-पौधों को आग लगाकर नष्ट करने तथा उसमें व्याप्त जंगली जानवरों की हत्या करने का आरोप लगाते हुए धनबाद वन प्रमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की श्री निषाद ने कहा कि एक सुनियोजित साजिश के तहत जयरामपुर और बागडिग्गी चटकरीजोड़ियां के बीच वाली जगह पर जहां हरे भरे पेड़ पोधे एवम सैकड़ों जंगली जानवर अपना घर बनाकर निवास करते थे उस स्थान पर बीसीसीएल प्रबंधन और आ?उटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक एक सुनियोजित साजिस के तहत हरे भरे जंगलों को आग लगा रही है तथा उसे काट रही है इस दौरान उत्खनन भी की जा रही है उतखनित पदार्थ को हरे भरे पेड़ पर गिरा कर उसे नष्ट किया जा रहा है और जो जंगली जानवर उक्त जंगल में रह रहे हैं उन के घरों को नष्ट कर दिया जा रहा है जिसे सैकड़ों जंगली जानवर की निर्मम हत्या उस जंगल में हो रही है साथ-साथ ठीक उसके बगल में एक चटकरी जोड़ियां है उस जोड़िया जलाशय में बहुत सारे जलीय जीव अपना निवास स्थान बनाकर रह रहे हैं उसे सुनियोजित साजिश के तहत जोड़ियां को भी खत्म करने की साजिश रच रही है उक्त जलाशय से जयरामपुर, बागदिगी, मोदीभिठा, ब्राह्मण बरारी, जयरामपुर ,लोदना, केशव नगर, लिलोरीपथरा , आदि के लोग दैनिक दिनचर्या करते हैं और साग सब्जी उगा कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।


# अग्रसेन भवन में लगे शिविर में 68 लोगों ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** बेरमो अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के द्वारा बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार दामोदर नाथ महादेव मंदिर परिसर स्थित अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस आयोजन का उद्घाटन सीसीएल के बीएंडके जीएम एनके राव व अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में मेदांता अस्पताल रांची और के एम मेमोरियल अस्पताल चास बोकारो के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। जिसमें कई महिला सहित लगभग 70 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। सभी रक्तदान करने वालों को अनिल अग्रवाल और राजेंद्र प्रसाद के द्वारा गुलाब का फूल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर अनिल अग्रवाल ने कहा रक्तदान महादान है हर स्वच्छ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए आपके रक्त का एक अंश बचा सकता है किसी का वंश।

# जूडो चैंपियनशिप : धनबाद की लड़कियों ने जीते 7 पदक

**खेलो इंडिया दस का दम खेल महोत्सव**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** महिला दिवस के शुभ अवसर पर भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया दस का दम के अन्तर्गत खेल गांव राँची में जूडो चैम्पियनशिप का शानदार आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया की भारत सरकार ने सिर्फ लड़कियों और महिलाओ के लिए देश के दस शहरों मे दस विभिन्न खेलों का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से किया है। जिसमे जूडो का आयोजन झारखंड राज्य के रांची शहर को दी गई। उक्त चैम्पियनशिप में धनबाद की आठ बालिकाओं ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 7 पदक पर कब्जा किया ।सभी पदक विजेता खिलाड़ी डी.ए.वी.कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच व धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर शास्त्री नगर की छात्राएं हैं। धनबाद की पुजा कुमारी और कृतिका कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया,अदिति गुप्ता,सिद्धी कश्यप और सिद्धी तरवे ने रजत पदक तथा सीता कुमारी अनुष्किा ने कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने एवं पदक प्राप्त करने में कोच विनायक वैभव ( ब्लैक बेल्ट )सहायक कोच राहुल कुमार और मैनेजर स्मिता दराद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**इन्होंने दी बधाई**

धनबाद की लड़कियों के शानदार प्रदर्शन पर धनबाद जूडो संघ के अध्यक्ष शैयद मतलुब हासमी, कोषाध्यक्ष विनय रिटोलिया, दिनेश मंडल, मो. तौराब खान, पंचम शर्मा, सुदीप चक्रवर्ती, आरती कुमारी, अरूण कुमार, मनोज सिंह, गणेश कुमार, राहुल शर्मा, अक्षय कुमार, संजय रवानी, प्रेम बावरी, सोमनाथ चौहान वा माया चौहान ने बधाई वा शुभकामनाएं दी हैं।

स्पीड न्यूज

### आग से झुलस कर मजदूर जख्मी

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सड़की गांव निवासी 35 वर्षीय महेंद्र चंद्रवंशी आग से बुरी तरह झुलस गया। मिली जानकारी के अनुसार महेंद्र मजदूरी करने बाहर जाने से पहले नाश्ता बना रहा था। उसी दौरान आग के चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। उसके बाद परिजनों ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी ले गये। जहां अस्पताल में ताला बंद रहने के कारण प्राथमिक उपचार नहीं हो सका। साथ ही घायल को मझिआंव के लिए एम्बुलेंस को फोन लगाया लेकिन एम्बुलेंस ख़राब होने की बात कहकर कांडी व मझिआंव से एम्बुलेंस नहीं भेजा गया। वहीं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिाि दिनेश कुमार के अथक प्रयास से दो घंटे बाद दुसरे एम्बुलेंस द्वारा घायल को मझिआंव अस्पताल भेजा गया। मझिआंव रेफरल अस्पताल में उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### रामनवमी मनाने को लेकर जय भवानी संघ की बैठक संपन्न

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार स्थित मझिआंव खुर्द में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर जय भवानी संघ के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जय भवानी संघ के संरक्षक जितेंद्र कुमार पाठक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रामनवमी पूजा को लेकर चर्चा की गई। साथ ही धूमधाम से रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पूरे गांव में सड़क के किनारे भगवा झंडा लगाने का निर्णय लिया गया।

### स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कांडी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के भंडरिया गांव से रविवार को एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि स्थायी वारंटी सी-373/2008 के वारंटी भंडरिया गांव निवासी स्व. बैजनाथ सिंह के पुत्र मनीष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### जंगल से शव बरामद

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के शारदा गांव के जंगल से रविवार को पुलिस ने लावारिस शव को बरामद किया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शारदा स्थित जंगल से एक अज्ञात महिला उम्र करीब 55 वर्ष का शव आधा सड़ा अवस्था में बरामद किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। उक्त शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### नव साक्षरों की ली गयी जांच परीक्षा

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टड़हे पंचायत के राजकीय मय विद्यालय करुई में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नए साक्षरों का आकलन सह जांच परीक्षा लिया गया। जिसमें 21 नव साक्षर शामिल हुए। जिसमें करूई मय विद्यालय के प्राानायापक जनेश्वर सिंह को केन्द्राधीक्षक बनाया गया तथा साक्षरता प्रेरक संदीप कुमार सिंह, ललिता देवी को विक्षक बनाया गया था। वहीं परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। उक्त बात की जानकारी संदीप सिंह ने दी है।

### रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी आश्रम परिसर में रामनवमी महासमिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें रामनवमी की तैयारियों को लेकर शहर व आसपास के अखाड़ों में पूजा की तैयारियों एवं रामनवमी के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। शहर को हनुमान पताका से सजाने के साथ अखाड़ों में विधिवत पूजा करने का निर्णय लिया गया। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासमिति की ओर से कोडरमा गांधी चौक स्थित आयोजन स्थल में विभिन्न अखाड़ा समितियों पर पुष्पवर्षा करते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। रामनवमी को लेकर गठित नई कमेटी में अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल, व्यवस्था प्रमुख अजय पांडेय को बनाया गया।

# स्वास्थ्य कर्मी की लापरवाही ने ले ली एक और महिला की जान

## रातभर प्रसूता का होता रहा रक्तश्राव, सोते रहे स्वास्थ्य कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सरकारी अस्पतालों में स्टाफ की कमी और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। परंतु विभाग अपनी साख बचाने के लिए जांच के नाम पर खानापूर्ति कर खुद को पाक साफ साबित करने में व्यस्त है। ऐसा ही एक मामला कोल्हैया पंचायत के लारा लूटुदाग गांव की एक प्रसूता के साथ शुक्रवार की रात को घटी है। जिसकी कीमत प्रसूता गुंजन देवी को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। बताते चलें कि गुंजन को प्रसव के लिए उंटा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। यह दीगर बात है कि जच्चा की तो जान चली गई पर बच्चा सलामत है। मौत का कारण समय रहते महिला को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल चतरा अथवा अन्य उच्च स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती नहीं कराया जाना बताया जा रहा है। ज्ञात



हो कि गुंजन देवी को प्रसव के लिए 17 मार्च की शाम को ऊंटा स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया था परंतु प्रसव के दौरान उसका अधिक रक्तश्राव हो जाने के बाद भी प्रसूता को वहां से कहीं बाहर नहीं ले जाकर रात भर वहीं रखा गया। सुबह जब मरीज की सांसे थमने लगी तो अस्पताल प्रबंधन कुंभकर्णी नींद से जगा और उसे ममता वाहन से सदर अस्पताल ले जाने लगे। परंतु सदर अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही गुंजन देवी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना विभाग के वरीय अधिकारी को भी दी गई उन्होंने इस मामले को अविलंब जांच करने का निर्देश चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिंद्रेला बालमुचू को दिया। परंतु पूरा मामला जांच के नाम पर खाना पूर्ति कर रफा दफा कर दिया गया। इस मामले में ममता वाहन के चालक की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। वहीं इस मामले में सिविल सर्जन डॉ एसएन सिंह ने बताया कि इस मामले में हुई जांच की रिपोर्ट अब तक हमारे पास नहीं आई है।

## युवा मित्र मंडली ने होली मिलन कर दिया एकता का संदेश



अतिथियों को सम्मानित करते मंडली के अध्यक्ष डबल जी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** युवा मित्र मंडली गढ़वा ने शहर के एसएनसी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन कर समाज में एकता का बड़ा सन्देश दिया है। अतिथियों ने इस कार्यक्रम को खूब सराहा एवं इतने खूबसूरत आयोजन के लिए युवा मित्र मंडल के अध्यक्ष धनंजय कुमार गोंड उर्फ डबल जी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर धनंजय गोंड उर्फ डबल जी ने कहा कि युवा मित्र मंडली के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह सभी के लिए है। यह आयोजन किसी खास जाति एवं वर्ग का नहीं है। बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज का है। उनका प्रयास है कि समस्त लोग एक साथ मिलकर होली के बहाने अपने सभी तरह के कटुता, वैमनस्य एवं भेदभाव को मिटा दें।

## वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक में सभी प्रखंडों में प्रचार प्रभारी नियुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा की बैठक रविवार को टंडवा स्थित जागृति क्लब में चंदन पासवान की अयक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में बहियार निवासी भूमिदाता बीरेंद्र पासवान का माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से छह अप्रैल को गढ़वा जिले के रमना प्रखंड के बहियार गांव में एनएच 75 के किनारे वीर बाबा चौहरमल एवं पासवान समाज के पूर्व केन्द्रीय मंत्री पदम् भूषण स्व. रामबिलास पासवान का प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। जिसका अनावरण लोक जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अयक्ष सह सांसद चिराग पासवान करेंगे। बैठक में सभी प्रखंडों में प्रचार प्रभारी नियुक्त किये गये। जिसमें गढ़वा प्रखंड में कुलदीप पासवान, मेराल में सुमेर पासवान, रमना में बिरइंची पासवान, श्री बंषीधर नगर में मिथिलेश पासवान एवं रबिन्द्र पासवान, कल्याणपुर में मुकेश कुमार पासवान, ुरकी में र्मिंद्र पासवान, भवनाथपुर में बबन उर्फ पाठक पासवान, कांडी में सत्येंद्र पासवान एवं अनूप पासवान, रंका में जितेंद्र पासवान एवं अनोज पासवान, मझिआंव में मंटू पासवान एवं संतोष पासवान, रमकंडा में जितेंद्र पासवान एवं लालमोहन पासवान को प्रचार प्रसार की जिम्मेवारी दी गई है। मौके पर मुख्य रूप से जिला महासचिव रामचंद्र पासवान, प्रमंडलीय महासचिव रामजी पासवान, प्रमंडलीय प्रभारी रबिन्द्र पासवान, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार, संरक्षक सुनील पासवान, जयराम पासवान, बिंदेश्वरी पासवान, अनुराग पासवान, विजय पासवान आदि उपस्थित थे।



चयनित प्रचार प्रभारी।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन, खिलाड़ी हुए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई है। समापन के दिन खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुलार हजाम, समाजसेवी देव कुमार सिंह, पवन शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों के हाथों उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत तथा सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि आज के दौर में खेलों के प्रति युवक व युवतियों में बढ़ती रूचि कई दृष्टिकोण से शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि खेलकूद से शरीर चुस्त, फुतीर्ला तथा बलिष्ठ होता है। खेलकूद में भाग लेने वाला इंसान मानसिक रूप से भी काफी मजबूत होता है। वर्तमान समय में तो खेलों में पैसा और शोहरत दोनों प्राप्त हो रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने महाविद्यालय परिवार से आग्रह किया कि हर वर्ष इसी तरह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। प्राचार्य डा दुलार हजाम ने कहा कि खेल कूद से शारीरिक और बौद्धिक विकास भी होता है। समाजसेवी देव कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या में खेलकूद को भी शामिल करना चाहिए। इंटक नेता पवन शर्मा ने भी छात्र छात्राओं से आग्रह किया कि समय निकालकर खेलकूद में भी हिस्सा लिया करें। प्रोफेसर ललित मोहन चौधरी ने कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में निखार ला सकते हैं।

## तीन पंचायतों के ग्रामीणों ने की बैठक

### रोड नहीं तो वोट नहीं का ग्रामीणों ने लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नीरू पहाड़ी से जानपुर जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर परशुराम धाम में बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रखंड के तीन पंचायतों जिसमें पारहो, ढोढाकोला एवं जानपुर के जनप्रतिनिधि समेत सभी ग्रामीण उपस्थित हुए। वहीं बैठक की अध्यक्षता जानपुर के मुखिया मंसूर अली एवं संचालन सुधीर यादव ने किया। बैठक के दौरान बताया गया कि नीरू पहाड़ी से जानपुर तक सड़क निर्माण नहीं होने से आम जनता में रोष व्याप्त है, सड़क की जर्जर स्थिति को देखने वाला कोई नहीं है। सड़क निर्माण को लेकर शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिलकर ग्रामीणों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराएगा। बैठक में सड़क निर्माण नही होने पर वृहद आंदोलन करने व धरना प्रदर्शन करने पर भी चर्चा हुई। वहीं मुखिया मंसूर अली ने कहा कि डोमचांच से ढोढाकोला



सपही फगुनी पथ निर्माण का शिलान्यास 28 अक्टूबर 2018 को किया गया था जबकि इसका भूमि पूजन 8 मार्च 2019 को किया गया। सड़क निर्माण की शुरुआत हुई ही थी कि इसका टेंडर रद्द हो गया और निर्माण कार्य रुक गया। जिसके बाद सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन बद से बदतर होती चली गई। बरसात के दिनों में या हल्की बारिश में सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। वहीं इसे लेकर पारहो पंचायत के ग्रामीण सुरेश यादव ने कहा कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण गांव की महिलाओं को प्रसव कराने के लिए अस्पताल ले जाने में काफी कठिनाई होती है। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई या परीक्षा देने के लिए आने-जाने में भी काफी व्यवधान उत्पन्न होता है। 4 वर्षों से सड़क की स्थिति जर्जर हो चुकी है। जब भी कोई जनप्रतिनिधि आते हैं तो सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन इस पर किसी प्रकार का पहल न तो केंद्र सरकार, न राज्य सरकार और न ही सांसद विधायक के द्वारा किया जाता है। इसके अलावा आने वाले चुनाव में तीनों पंचायतों के लोगों रोड नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लिया। वहीं जानपुर पंचायत के अरुण कुमार ने कहा कि पूरा रोड उबर-खाबड़ है। टेंडर रद्द होने के बाद फिर से कोई टेंडर नहीं हुआ, जिसके कारण आज तक रोड की स्थिति जर्जर अवस्था में है। हम सभी ग्रामीणों ने यह निश्चय किया कि यदि रोड नहीं बनता है तो आने वाले समय में वोट की राजनीति करने वालों को समर्थन नही करेंगे। मौके पर मंसूर अली, दिनेश यादव, सीता देवी, अख्तर अंसारी, दिनेश यादव, रामदेव पंडित, सुरेन्द्र यादव, गुलाम रसूल, मुख्तार अंसारी, जलील मियां, उपेंद्र चौधरी, सुकील राणा, सलाउद्दीन, राजू यादव, दीपू यादव, बुल्लू यादव, सुधीर साव, पिंटू दास, मो इकबाल, विनोद कुमार, छात्रधारी कुमार, मो फिरोज, अरुण कुमार राणा, अजीत लाल आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### अगरबत्ती पैकिंग के नाम पर 17 हजार की ठगी

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सतडीहा पंचायत के बदडीहा में रोजगार की आड़ में महिलाओं से अगरबत्ती पैकिंग के नाम पर 16 हजार 800 रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगी की शिकार महिलाओं ने बताया कि संगठित गैंग बनाकर बिहार राज्य के नवादा के दो युवकों के द्वारा करीब 28 महिलाओं का समूहघ बनाकर पंजीयन के नाम पर प्रतिघ महिला 600 रुपए जमा कराए गए। इसके बदले उन्हें अगरबत्ती पैकिंग करने पर प्रति सप्ताह एक हजार रुपए देने का वादा किया गया था। एक माह पूर्व एक व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसा ठगी कर अगरबत्ती लाकर पैकिंग कराने की बात कह कर चला गया। दोबारा वह युवक गांव मेंघ नहीं आया। उक्त व्यक्ति द्वारा दिया गया फोन नंबर भी नहीं लगता है। महिलाओं ने बताया कि हम लोग इधर उधर से पैसे जुगाड़ कर उक्त व्यक्ति को दिये थे। उक्त व्यक्ति द्वारा गांव में घूम घूम कर महिला समूह बनाकर अगरबत्ती पैकिंग करने की बात कह कर ठगी को अंजाम दिया है।

## ससुराल पहुंची बहु को घर के अंदर नहीं मिला प्रवेश, लगायी इंसाफ की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शहर के गौरी शंकर मुहल्ला स्थित बिरेंद्र सिंह सेवा निवृत प्रोफेसर जगन्नाथ जैन कलेज के घर बहु साहिबा सिंह रविवार की दोपहर करीब 11:30 बजे अपने ससुराल पहुंची, जहां उसके ससुराल वाले उसे घर के अन्दर प्रवेश नहीं करने दिये, घंटों बहू साहिबा सिंह दरवाजे को पीटते रही और अंदर जाने का प्रयास करती रही।

इसी बीच उक्त मामले की सूचना तिलैया थाना को दी गई, सूचना मिलते ही थाना की पेट्रोलिंग जीप गौरी शंकर मोहल्ला पहुंची और फिर बहु साहिबा सिंह को समझा-बुझाकर थाना बुलाया गया, जहां साहिबा सिंह ने तिलैया थाना में आवेदन दिया है।

**क्या कहती है, सास व बहु :** साहिबा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की उसका विवाह बिरेन्द्र सिंह के पुत्र कुमार सिद्धार्थ के साथ 5 दिसंबर 2019 को पटना में हुआ था, उस समय ससुराल वाले 18 लाख रुपया दहेज के रूप में लिए थे, जिसके बाद दहेज के लिए मारपीट करने लगे, नहीं देने पर घर में नहीं रहने देने लगे, साहिबा सिंह ने आगे बताती ही की मैं पढ़ी लिखी हुं और अच्छी नौकरी करती थी, पैकेज भी अच्छा था, मेरे ससुराल वाले हमें किसी काबिल नहीं छोड़ा है और सब जगह से हमें बर्बाद



कर यह लोग बड़े आराम से रह रहे हैं और अपने बेटे को गायब कर रखा है। इस पूरे मामले पर बहु साहिबा सिंह की सास रीता सिंह ने कहा की किसी प्रकार का दहेज नहीं लिया गया है, मामला न्यायालय में है, करीब 2 साल हो चुका है, इस बीच कई बार बहू यहां पहुंची है और हो हंगामा किया है। आगे उन्होने बताया कि बहु खुद ही अपने आप को मारती रहती थी और चिल्लाती थी और फिर घर छोड़कर चली जाती थी। साथ ही बहू साहिबा सिंह मेरे साथ मारपीट किया करती थी, इस बीच बहू के परिजनों के द्वारा समझा-बुझाकर घर में रखा गया था, परंतु उन्होंने फिर वही हरकत की, अब हम लोग ऐसे में कैसे ऐसी बहू को घर में रख सकते हैं।

**बहु ने थाने में दिया आवेदन :** इस मामले पर साहिबा सिंह ने थाने में आवेदन दिया, जिसमें बताया गया कि सास-ससुर व परिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा मुझे ससुराल में नहीं रहने दिया जाता है। रविवार को मैं अपने ससुराल गई लेकिन सभी मिलकर घर पर ताला लगा दिए एवं गाली गलौज किया गया, 2 साल से मुझे रहने नहीं दिया जा रहा है और सभी मिलकर मेरे पति कुमार सिद्धार्थ को गायब कर दिया है, मुझे मेरे पति के साथ रहना है, आगे कहा की मेरे पति पर दबाव बनाकर तलाक का केस परिवार न्यायालय में करवा दिए हैं और जबरदस्ती मेरे पति को मेरे साथ नहीं रहने देते हैं, वहीं मेरे पति की दूसरी शादी करने के लिए दबाव बना रहे हैं, मेरे पति को मुझसे मिलवाकर मुझे मेरे ससुराल में रखवाया जाए।

एक नजर में

### वज्रपात से महिला की मौत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बोदरा गांव निवासी स्व.विनोद रजवार की 40 वर्षीया पत्नी कलमनिया कुंवर की वज्रपात से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकी उसके साथ चल रही गांव के ही महिला रीता देवी बाल-बाल बच गई। मृत महिला को घायल समझकर उनके परिजनों एवं ग्रामीणों ने स्थानीय रेफरल अस्पताल लाया। जहां उपस्थित चिकित्सक ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दोनों महिला पैदल अपने गांव से सटे टोला महुगांई के डीलर बबीता स्वयं सहायता समूह के जन वितरण प्रणाली दुकान से राशन लेने के बाद अपने घर बोदरा लौट रही थी। इसी बीच बीच रास्ते में इमलिया टिकर मैदान के पास जैसे ही पहुंची तो अचानक तेज हवा के साथ आकाशीय बिजली गिरी और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कलमनिया कुंवर उत्क्रमित विद्यालय बोदरा में रसोईया का काम करती थी। इधर बताया जा रहा है कि एक-दो दिन और इस तरह का मौसम रहेगा। साथ ही लोगों से अपील है कि ऐसे मौसम में पेड़ पौधों के नीचे नहीं रुकें, आसपास के घरों में सूखने का प्रयास करें। घटना की खबर सुनते ही बोदरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि इंदल सिंह, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार एवं बोदरा पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी अनूप कुमार दुबे उर्फ मीनू दुबे सहित कई अन्य लोग अस्पताल पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

### 14 किलो 500 ग्राम अफीम और साढ़े 10 किलो डोडा की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने अफीम तस्करों के विरुद्ध लगातर कार्रवाई कर रही है। इस कड़ी में पुलिस ने रविवार को साढ़े 14 किलो अफीम और साढ़े दस किलो डोडा के खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने सदर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। गिरफ्तार तस्कर राजू सिंह के पास से 4 किलो 373 ग्राम अफीम और मंगर गंझू के घर से टीम ने 10 किलो 462 ग्राम अफीम और 10 किलो 690 ग्राम डोडा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की टीम को सफलता मिली है। तस्कर को चतरा-गया मुख्य पथ पर स्थित भुइयांडीह के समीप चिलोई मुख्य पथ से सुनसान झोपड़ी से अफीम के साथ राजू कुमार सिंह नामक तस्कर गिरफ्तार किया गया। इस बीच अभियान के दौरान पुलिस को चकमा देकर जंगल का लाभ उठाकर दूसरा मंगर गंझू फरार हो गया। वह कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरकी सलगी गांव का रहने वलक है। पुलिस ने उसके घर से स्थित घर से अफीम बरामद किया है। अभियान में थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, एसआई दिनेश कुमार हेंब्रम व सिकंदर सिंकु समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए सभी प्रखंडों के फोन नंबर जारी

**चतरा।** जिले में पेयजल की समस्याओं के निराकरण के लिए पेयजल स्वच्छता प्रमंडल की ओर से फोन नंबर जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर संबंधित प्रखंड के लोग शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला क्षेत्र अंतर्गत सदर,कान्हाचट्टी, इटखोरी, मयूरहण्ड, गिद्धौर, पत्थलगड्डा, सिमरिया, टण्डवा, लावालौंग, हंटरगंज, प्रतापपुर एवं कुंदा प्रखंड के आमजनों को आगामी गर्मी के मद्देनजर इन क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चतरा के स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है।

**ये हैं प्रमुख फोन नंबर:** नियंत्रण कक्ष की राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर 18003458502 पर नलकूप मरम्मत, शहरी जलापूर्ति, ग्रामीण पाइपलाइन जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित शिकायतों को दर्ज करा सकते हैं। चतरा ग्रामीण, कांहाचट्टी, चतरा शहरी जलापूर्ति के लिए कनीय अभियंता राकेश कुमार पाल मोबाइल नंबर 8936083121 से संपर्क कर सकते हैं। इटखोरी, मयूरहंड,गिद्धौर, पत्थलगड्डा के लिए कनीय अभियंता मंगल सिंह बहांदा मोबाइल नंबर 8674928011 से संपर्क कर सकते हैं। प्रतापपुर, कुंदा के लिए कनीय अभियंता देव आनंद मोबाइल नंबर 8210245054 से संपर्क कर सकते हैं। हंटरगंज (जोरी) के लिए कनीय अभियंता राकेश कुमार पाल मोबाइल नंबर 8936083121 से संपर्क कर सकते हैं।सिमरिया, लावालौंग, टंडवा के लिए कनीय अभियंता अविनाश कुमार मोबाइल नंबर 8294772343 एवं सहायक अभियंता फैसल अंसारी मोबाइल नंबर 8851790994 से संपर्क कर सकते हैं।

### सड़क मरम्मत में गड़बड़ी के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद

**रमना।** शहीद भगत सिंह चौक से सुखड़ा शिव मंदिर भाया भागोडीह सड़क मरम्मती मे अनियमितता का मामला इंटरनेट मीडिया में आने के बाद बहियार मोड़ से सपही तक पीएमजीएसवाई के तहत मरम्मत की जा रही सड़क में संवेदक के बरती जा रही गड़बड़ी के खिलाफ बहियार कला, बहीयार खूर्द और सपही के ग्रामीण गोलबंद हो गए हैं। रविवार को तीनों गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि संवेदक द्वारा काम आरंभ करने से पहले कार्य विवरणी की बोर्ड नहीं लगाया गया है।

### रामनवमी महासमिति गिद्धौर के अध्यक्ष बने कपिल कुमार



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** रामनवमी महासमिति गिद्धौर का गठन हेतु ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में में बैठक हुई। जिसमें धुमधाम एवं भव्य रूप से उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष कपिल कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा, सचिव बंशी दांगी, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार, सह सचिव निरंजन दांगी, सह कोषाध्यक्ष विनोद पासवान, प्रवक्ता प्रमेशवर दांगी, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार दांगी, संतोष कुमार, संरक्षण मंडली में मुखिया निर्मला देवी, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, सतेंद्र कुमार कुशवाहा, राजुलाल वर्मा, लखन दांगी, नागेश्वर राम दांगी, श्याम सुंदर दांगी, डोमन महतो, मुन्नी पांडेय, सतीश प्रसाद दांगी, कांशीराम दांगी समेत कई लोगों को रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप बिकास कुमार, अमिर दांगी, प्रयाग महतो, राजेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# माओवादी के लिए लेवी वसूली का काम करता था गिरफ्तार सबजोनल कमांडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** दस लाख के इस इनामी नक्सली की गिरफ्तारी की जानकारी लेते हुए पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा ने प्रेसवार्ता के दौरान बताता कि जोनल कमाण्डर बैजनाथ सिंह उर्फ चंदन सिंह खेरवार उर्फ संजीवन इस दस्ता में प्रमुख रूप से जनसम्पर्क का काम देखते थे। गिरफ्तार माओवादी का मुख्य कार्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में लगे ठेकेदारों, बड़े व्यसायियों, ईट भट्ठा मालिक से लेवी वसूली करना है। इसके अलावे ये अपने दस्ता सदस्य के साथ मिलकर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुचाने के लिए कई बार आइइडी ब्लास्ट कराकर एवं एम्बुस कर सूरक्षा बल को अपना निशाना बनाये जिसमें हमारे कई सुरक्षाबल शहीद हुए तथा निर्दोष ग्रामीण एवं महिलाये, घायल हुये और मारे गये। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध लातेहार, लोहरदगा, गुमला जिला के विभिन्न थानों में 68 काण्ड पूर्व से दर्ज है।


बरामद हथियार व गिरफ्तार माओवादी की जानकारी देते डीआइजी।

तथा सरकार द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर 10 लाख की इनाम घोषित है। आईजी राजकुमार लकड़ा ने प्रेस वार्ता में कहा कि विगत एक वर्ष से लातेहार पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम के द्वारा नक्सली व उग्रवादियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को कई सफलतायें मिली है। चलाये गये आपरेशन डबल बूल में बुलबुल व गोताग इलाके में और आपरेशन आक्टोपस में नक्सली बूढ़ा पहाड़ के भागने में विवश हो गये है। सुरक्षा बलों को इन आपरेशन के दौरान अत्याधुनिक हथियार व आइडी बरामद हुआ है। इन उपलब्धियों से पुलिस का मनोबल काफी बढ़ा है और यह आपरेशन लगातार जारी रहेगा। छापेमारी दल मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक बबलू कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानू प्रताप सिंह, पुअनि धमेंद्र कुमार महतो, गौतम कुमार, प्रदीप कुमार राय के अलावा सेट-1, सेट 126 तथा हेरहंज व मनिका थाना के रिर्जव गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

## फुटबाल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन


सामग्री देते सीआरपीएफ अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारु।** सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सीआरपीएफ 218 बटालियन बारेसांढ़ के द्वारा फुटबाल टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे पुरुष वर्ग की चार टीम व महिला वर्ग की दो टीमें भाग लिया। विजेता टीम को फुटबॉल कीट दिया गया बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडी को मैन ऑफ दी सीरीज को फुटबाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। फुटबॉल टूनामेंट में तिसिया, रामसेली, बारेसाढ़, पहाड़कोचा के पुरूष एवं महिला टीम ने हिस्सा लिया जिसमे बारेसांढ़ टीम विजयी रहे। मैन ऑफ दी मैच का खिताब अनूप राम को मिला। खिलाड़ियो को संबोधित करते हुऐ सहायक समादेष्टा सुमित सोरेन ने कहा कि स्थानीय जनता को सीआरपीएफ की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि ऐसे कार्यक्रम जहां एक ओर सीआरपीएफ तथा स्थानीय नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक हैं, वहीं दूसरी ओर शांति और अमन की बहाली करने के साथ ग्रामीण प्रतिभा को निखारने में कारगर भी होगा। वहीं नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम (सीएपी) के तहत स्थानीय आबादी के बीच देशभक्ति की भावना को पैदा करने के लिए देश के स्वतंत्रता संग्राम पर बनी देशभक्ति फिल्म दिखाया गया व उपस्थित ग्रामीणों के लिए जलपान की व्यवस्था किया गया। वहीं सोलर लाइट, बर्तन जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया।

मौके पर सीआरपीएफ सहायक समादेष्टा सुमित सोरेन, एसआई पवन कुमार रजक, एएसआई पीपी पाण्डेय,इंस्पेक्टर रामसाहय यादव,बलीधर दुबे, समेत पुलिस बल व सीआरपीएफ के जवान मौजुद रहे। मैच देखने को लेकर स्टेडियम में स्थानीय ग्रामीणों की काफी भीड़ रही।

## आजसू पार्टी अंचल कार्यालय की मनमानी के खिलाफ तीन अप्रैल को करेगा धरना-प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार अंचल कार्यालय में ब्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आजसू पार्टी आंदोलन के मूड में है। आंदोलन को धारदार बनाने के लिए आजसू कार्यालय में लगातार बैठको का सिलसिला जारी है। आजसू का आरोप है कि अंचल कर्मी जमीन के कागजात के साथ हेराफेरी कर रहे है। जिससे जमीन मालिको को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि कागजात में हेराफेरी कर असल जमीन मालिक को उनके जमीन से बेदखल कर दिया जा रहा है। जबकि उसी जमीन मालिक की जमीन दूसरे के नाम


जानकारी देते आजसू कार्यकर्ता।

कर दिया जा रहा है। इस संबंध में आजसू जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि अंचल कार्यालय में भू-माफियों की मनमानी बदस्तूर जारी है। लिहाजा लातेहार के सैकड़ों जमीन मालिक अंचल की मनमानी से त्रस्त है। अमित पांडेय ने कहा अंचल कार्यालय में पूरी तरह भू-माफियो का कब्जा हो चुका है। अंचल कार्यालय को भू-माफियों से मुक्त कराना बेहद जरूरी है। ताकि जमीन की हेराफेरी पर विराम लग सके। उन्होंने कहा कि अंचल की मनमानी के खिलाफ 3 अप्रैल को जुलूस एवं धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे अंचल से त्रस्त हजारो लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद अपनी मांगों को लेकर लातेहार उपायुक्त को अंचल में फैले भ्रष्टाचार से संबंधित मांग पत्र सौपेंगे। इधर अंचल की मनमानी से परेशान संजय तिवारी ने कहा कि जमीन के कागजात में हुई हेराफेरी को लेकर वह दो साल से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे है। लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। उन्होंने कहा भू-माफिया और अंचल कर्मियों के गठजोड़ से लोगो के कागजात में हेराफेरी कर जमीन की बिक्री की जा रही है। जो बहुत ही गंभीर मश्ला है। बैठक में आजसू जिलाउपाध्यक्ष श्रवण पासवान, उत्तम कुमार गुप्ता, संजय तिवारी, जैनुल अहमद, प्रदीप मिश्रा, सतेंद्र राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लातेहार जिप अध्यक्षा ने जाना बेतला नेशनल पार्क का हाल

### प्रकृति व्याख्या केंद्र में चल रहे कार्य का भी किया निरीक्षण, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने रविवार को बेतला राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कर इसके प्राकृतिक सौंदर्यता का कई घंटे लुत्फ उठाया। इस दौरान उनके साथ वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी भी मौजूद थे। वहीं उन्होंने पार्क से सटे प्रकृति व्याख्या केंद्र का भी जायजा लिया। वहां हो रहे कार्यों को देखा और कार्यरत लोगों


पार्क का निरीक्षण करतीं जिप अध्यक्ष, साथ में सांसद प्रतिनिधि।

से बातचीत कर पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं वन विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। जिससे लोग पार्क के साथ-साथ इस केंद्र की ओर आकर्षित हों। उन्होंने प्रकृति व्याख्या केंद्र के प्रांगण में बच्चों के मनोरंजन के सभी संसाधनों के अलावा विभिन्न प्रकार के औषधीय फूल पौधे और सुविधाओं को विकसित करने की बात कही। ताकि दूर दराज से आने वाले पर्यटकों को सहूलियत मिले और अधिक से अधिक लोग घूमने आए और इसकी सौंदर्यता का लुत्फ उठा सकें।

## एक जनवरी से मोबाइल आधारित हाजरी प्रणाली के अनिवार्य किये जाने से मजदूरी हुई बंद : कृपा खाखा

**लातेहार।** महुआडाड निवासी कृपा खाखा अच्छा खासा नरेगा मेट के तौर पर दिसम्बर 2022 तक कार्य करती रही थी। 1 जनवरी से मोबाईल आधारित हाजरी प्रणाली के अनिवार्य किये जाने से उनकी मजदूरी बन्द हो गई। क्योंकि अब उनके इलाके के सारे मजदूर इस नए प्रणाली से काम के लिए राजी नहीं हैं। क्योंकि पूरे प्रखण्ड ईलाके में मोबाईल नेटवर्क न के बराबर रहता है। इससे मजदूरों की हाजरी नहीं बनेगी और मजदूरों द्वारा काम करने के बाद भी उनको मजदूरी नहीं मिल पायेगी। इससे झारखण्ड भर के 1.08 करोड़ मजदूर प्रभावित होंगे और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा योजनाओं पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा। दिल्ली के आन्दोलन में दिल्ली के दर्जनों संघर्षशील लोग इनको आन्दोलन में मदद कर रहे हैं। लेकिन अपने ही राज्य वैसे लोग खासकर परिवर्त्तन के संघर्ष में विश्वास करते हैं। उनके द्वारा किसी तरह का समर्थन न मिलना उनके वर्त्तमान राजसत्ता से भयभीत रहने की स्थिति का आभास कराता है। ये मजदूर अपने लिए नहीं बल्कि देश के अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा नेता से सांसद प्रतिनिधि ने की मुलाकात

## मनोज यादव के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जायेगी : कन्हाई


घायल मनोज यादव के साथ सांसद प्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह -कुटमू मुख्य मार्ग पर हेंदेहास के समीप शनिवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में भाजपा किसान मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बरवाडीह सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायल मनोज यादव का प्राथमिक उपचार कर आवश्यक दवाएं दी और एक्सरे आदि जांच कराने की बात कही। इधर घटना की सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने रविवार की सुबह छेंचा पंचायत के ग्राम चपरी स्थित मनोज यादव के घर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कन्हाई प्रसाद ने कहा कि मनोज यादव के इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि आगे भी इलाज की जरूरत होगी तो उसकी समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। पूरा भाजपा परिवार उनके साथ है। वहीं उन्होंने मनोज यादव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बता दें कि सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता मनोज यादव का एक पैर फ्रेक्चर हो गया हैं। वहीं शरीर के कुछ हिस्सों में भी हल्की चोट आई है। मनोज यादव भाजपा के समर्पित कार्यकताओं में जाने जाते है।

## बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

**चंदवा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार विद्युत विभाग की टीम के द्वारा प्रखंड के सेन्हा, पिरदाग व अमझरिया अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान इंट भट्ठा संचालक, प्रज्ञा केन्द्र संचालक, ढाबा संचालक समेत कुल सात लोगो को विद्युत उर्जा की चोरी करते पकड़ा गया जिन्हे विभाग के द्वारा नियमसंगत जुर्माना लगया। अभियान में विभाग के कनीय अभियंता संतोष कुमार मंडल समेत विभाग के अन्य लोग शामिल थे।

## ट्राली से दबकर मैकेनिक की मौत

### ट्रैक्टर की ट्राली दुरुस्त करने के दौरान हुआ हादसा


इनसेट में मृतक का फाईल फोटो व पलटा ट्रैक्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत अंतर्गत निंद्रा स्थित रोनक ईट भट्ठा में रविवार की सुबह ट्रैक्टर जेएच 01ईए/ 8703 की ट्राली मरम्मत करने के क्रम में ट्रॉली पलटने से दबकर मैकेनिक सज्जाद आलम पिता मुख्तार आलम (लपरा थाना मैक्लुस्कीगंज) की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा थाना पुलिस अवर निरीक्षक दिव्य प्रकाश दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे व मामले की जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार भेज दिया। घटना के संबंध में बताया कि उक्त ट्रैक्टर खराब हो गया था, उसे बनाने के लिए मालिक मनोज यादव (नुरंगी, चान्हो) सुबह मैकेनिक को बुलाकर ट्रैक्टर ठीक करा रहे थे, उसी बीच ट्रैक्टर की ट्राली में लगा जैक टूट गया और ट्रैक्टर का ट्राली मैकेनिक के ऊपर जा गीरा जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मामले में मृतक के पिता मुख्तार आलम ने चंदवा थाना कांड संख्या 71/23 के तहत मामला दर्ज कराया है। जिसमे उन्होंने ट्रैक्टर के मालिक व चालक के लापरवाही के कारण उक्त घटना होने का आरोप लगाया है। बता दें कि मृतक मैकेनिक सज्जाद आलम काफी गरीब परिवार से आता है, उसका रोजी-रोटी इसी कार्य से चल रहा था, सज्जाद के असामयिक मौत के बाद परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट गया है।

## मरमर में जंगली हाथियों ने घर को किया ध्वस्त, भुक्तभोगी परिवार ने वन विभाग से मांगा मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के अंतर्गत सुदूरवर्ती मरमर गांव में एक बार फिर से जंगली हाथियों के द्वारा उत्पात देखा जा रहा है। बीती रात्रि जंगली हाथियों का झुंड मरमरा आ धमका व विनय गंझु के घर को ध्वस्त कर दिया साथ ही घर में रखे अनाज को चट कर गया। घटना की जानकारी मिलते ही माल्हन पंचायत मुखिया जतरू कुमार मुंडा ने भुक्तभोगी परिवार से मिलकर जंगली हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। श्री मुंडा ने कहा कि अगर इसी तरह जंगली हाथियों को छोड़ दिया गया तो पंचायत में लोग



रहेंगे कैसे। समय रहते वन विभाग अगर कोई कदम नहीं उठाती है तो हम लोग पूरे पंचायत वासियों के साथ चंदवा फॉरेस्ट विभाग को घेराव करेंगे।

इस दौरान उपस्थित फॉरेस्टर अलोक तिग्गा ने हर संभव ग्रामीणों के सहयोग विभाग से करने का आश्वासन दिए और भुक्तभोगी परिवार को मालन पंचायत मुखिया के उपस्थिति में टॉर्च का वितरण किया। मौके पर विनय गंझू, मनोज मुंडा, कर्मा गंझू, टकलू गंझू, करीमन मुंडा, अर्जुन गंझु, जिगर लोहरा, रामकिशून मुंडा, बिनीता देवी, सुमित्रा देवी, बालो देवी, सुभाष गंझु, दिनू मुंडा, रामकिशुन मुंडा एवं दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## एक नजर में

### सरहुल परब महोत्सव मनाने को लेकर बैठक संपन्न

**लातेहार।** सरना समिति सह पड़हा द्वारा लातेहार के वासा ओड़ा में 24 मार्च को आदिवासियों का महान पर्व 'प्रकृति परब' सरहुल परब महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधानसभा के विधायक बैद्यनाथ राम एवं मनका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि लातेहार के उपायुक्त भोर सिंह यादव, मुख्य संरक्षक पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सम्मानित अतिथि रोशन कुमार वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार, आलोक शिकारी कच्छप डीडीसी सह एससी, बिंदेश्वरी ततमा निदेशक आईटीडीए लातेहार के तमाम पदाधिकारी भाग लेंगे। इस परब की सारी तैयारियां कर ली गई है साथ ही सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रण पत्र बांट दिया गया हैं। साथ ही लातेहार में सरहुल का शोभा यात्रा 3:00 बजे से वासाओड़ा से प्रारंभ होकर 5:00 बजे शाम तक उरदाटांड़ रेहड़ा लातेहार तक जाएगी और पारितोषिक वितरण के साथ 6:00 बजे संध्या में प्रोग्राम समाप्त कर दिया जाएगा।

### मंडलकारा में जेल अदालत का आयोजन

**लातेहार।** झालसा रॉची के निदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार 12.00 बजे से स्थानीय मंडलकारा लातेहार में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राहुल कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, लातेहार ने कैदियों को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में अपने मुकदमें की स्थिति की जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के संबंध में काराधीन कैदियों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दीपक कुमार मिश्रा एसीस्टेंट एलएडीसी ने सभी कैदियों को कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया एवं छोटे-मोटे मुकदमों में सुलह समझौता से संबंधित विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में बंदीगणों से उनके समस्याओं के बारे में पुछा गया और उसके निराकरण का विधिक सलाह दिया गया। मौके पर मंडल कारा, लातेहार के अधीक्षक मेनशन बारवा, प्रभारी जेलर प्रदीप मुण्डा मंडल कारा, लातेहार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस मनाने को लेकर कमिटी का विस्तार

**बारियातू।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के तत्वाधान मे बारिखाप कांडरका के समीप वीर शहीद निलांबर पीताम्बर शहादत दिवस मनाने को लेकर कमिटी का विस्तार किया गया। आगामी 28 मार्च को धूम धाम से निलांबर पीताम्बर शहादत दिवस मनाया जायेगा। जिसके लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुरेश भोगता, उपाध्यक्ष नरेश भोगता, सचिव रवि गंझु, उपसचिव दसरथ भोगता, कोषाध्यक्ष चिंतामनी भोगता, उपकोषाध्यक्ष ब्रजेश भोगता, संरक्षक बहादुर गंझु, योगेंद्र गंझु, राजेश्वर गंझु, दोनों बिनोद गंझु बनाए गए। मौके पर सुरेंद्र भोगता, राजेश गंझु,अजित गंझु,गौरी शंकर गंझु,प्रदीप, अखिलेश, अशोक व रामजीत सिंह भोगता बनाए गए।

### नवाह्न परायण पाठ महोत्सव कलश यात्रा से होगी शुरू

**मनिका।** मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत स्थित पचफेड़ी चौक के समीप शिव मंदिर के प्रांगण में अमर पूजा समिति के बैनर तले चैत्री नवरात्रि एवं नवाहन परायण पाठ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी समिति के सदस्यों के द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। वहीं समिति के सचिव राजीव रंजन कुमार साहू ने बताया कि 21 फरवरी दिन मंगलवार के सुबह 7:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी इसके साथ ही 10:00 बजे से नवाहन परायण पाठ एवं रात्रि 7:00 बजे से आरती और रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक मानस प्रवचन कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। जिसमें अयोध्या के प्रशिक्षित लोग भी शामिल रहेंगे। यह पूजा का कार्यक्रम नौ दिवसीय रखा गया है जो 30 मार्च दिन गुरुवार तक लगातार जारी रहेगा। अमर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र से हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं को कलश यात्रा एवं पूजा के कार्यक्रम में शामिल होने का अपील किया है।

### प्रकृति के महापर्व सरहुल के तैयारी को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**बारियातू।** बारियातू प्रखण्ड के पहाड़ा भवन नचना में प्रकृति का महापर्व सरहुल की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता नंदु उरांव ने की। आदिवासियों का महत्वपूर्ण प्राकृतिक महापर्व सरहुल मनाने को लेकर गठित प्रखण्ड समिति, पंचायत प्रतिनिधि, धर्म अगुआ, समाज के शुभ चिंतक व अन्य कई बुद्धि जीवीयो ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से सरहुल पर्व के विभिन्न कार्यक्रमों की प्रारुप व उसके तैयारीयों की समीक्षा की गई। इस बैठक में सिबला पंचायत मुखिया सुरेश उरांव, राजीव भगत,पुर्व प्रमुख महावीर उरांव समाज सेवी धनेश्वर उरांव,श्रवण उरांव, जयपाल उरांव राजदेव उरांव,जितु उरांव, धर्म देव उरांव,जगदिश उरांव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 30 अप्रैल को शताब्दी समारोह का किया जायेगा आयोजन

**लातेहार।** रविवार को प्रांतीय यादव महासभा के बैनर तले कृष्णा इन होटल में जिला कमिटी के द्वारा एक बैठक किया गया। जिसमें विशेष रूप से शताब्दी समारोह पर विशेष चर्चा किया गया एवं आगामी 30 अप्रैल को स्थान लातेहार स्टेडियम में भव्य तरीके से शाताब्दी समारोह का आयोजन सुनिश्चित किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि 25 मार्च शनिवार को लातेहार जिला के सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष को सूचित किया गया है कि कृष्णा इन होटल में आकर अपना कलश प्राप्त करेंगे एवं 26 मार्च रविवार को लातेहार जिला के प्रत्येक प्रखंड में बैठक रखा गया है। वही सभा को संबोधित करते हुए रामप्रवेश यादव ने बताया कि अधिवक्ता बृंदबिहारी प्रसाद यादव को लातेहार के यादव ने अपने समाज का नेतृत्व इसलिए दिया है कि एक पढ़े लिखे इंसान हैं और कानून का जानकार हैं और उन्होंने अपील भी किया है कि पूरे झारखंड प्रदेश में आप एक ऐसा पहचान दें जिससे लोग प्रदेश में आपके कार्यशैली के हिसाब से चलने में विवश हो और जो कलश यात्रा पुरे भारत वर्ष के सभी जिलों में घुमाया गया है। मैं समझता हूं आपके नेतृत्व में झारखण्ड प्रदेश के लिए लातेहार जिला ऐतिहासिक रहा है। वहीं बैठक में उपस्थित कई यादव समाज के दिग्गज नेताओं ने यादव समाज को आगे की ओर ले जाने पर अपने-अपने मार्गदर्शन भी दिए। मौके पर बली प्रसाद यादव, राजधानी यादव, बालेश्वर यादव, दामोदर यादव, रामप्रवेश यादव, केदार यादव, मुनेश्वर यादव, मोहर सिंह यादव, लक्ष्मण यादव, सकेंद्र यादव, दरोगी यादव कृष्णा यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल रहें।

### योग दंपति को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत भवन परिसर मे योग दम्पति व अंतरा को लेकर सहियाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने आए बीटीटी शांति देवी ने उपस्थित साहियाओं को अपने-अपने क्षेत्र मे नियमित कार्य करने की सलाह दी। वहीं योग दम्पति के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की महिलाओ को प्रसव होने के तुरंत बाद बच्चे जन्म की अंतराल के लिए सीडी उपयोग के लिए प्रेरित करें। ताकि बढ़ते जन संख्या को नियंत्रण किया जा सके। साथ ही सभी सहियाओं को सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। इधर परिवार नियोजन के तहत सीएचसी बालूमाथ मे 20 मार्च को बांध्या करण किया जायेगा।

